मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया

ओ तेरी सूरत दिल में समाई
कोई कहे पिता कोई भाई,
हाये, मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया,
जी
मुझे खाटू वाले श्याम से ही प्यार हो गया.....

तू धन मेरा, मैं तिजोरी हूं,
तू हीरा है तो मैं जौहरी हूं,
ओ मेरे बाबा का रूप निराला,
भक्तो का वो रखवाला,
हाये, मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया,
जी
मुझे खाटू वाले श्याम से ही प्यार हो गया.....

मुझपे तेरा पागलपन छाया है,
तूने हारे को भी जिताया है,
रे सूनले ओ लख दातार,
मेरा करदे बेड़ा पार,
हाये, मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया,
जी
मुझे खाटू वाले श्याम से ही प्यार हो गया.....

जो तेरे आगे झोली फैलाता है,
तू रंक को भी राजा बनाता है,
ओ ठाकुर 'नितिन' को अपना बना ले,
'अंकित' को सरण बुला ले,
हाये, मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया,
जी
मुझे खाटू वाले श्याम से ही प्यार हो गया.....

तू देव मैं तेरा पुजारी हुं,
तेरे दर पे आया भिखारी हु,
जीतू गुणगान करेगा,
बाबा कब तू झोली भरेगा,
हाये, मुझे खाटू वाले श्याम का दीदार हो गया,
जी
मुझे खाटू वाले श्याम से ही प्यार हो गया.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29595/title/mujhe-khatu-wale-shyam-ka-deedar-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |